भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 821
सोमवार, 27 जुलाई, 2026 (5 श्रावण, 1948 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

देश में नए हवाई अड्डे

821. श्री महेंद्र भट्टः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों में देश में कितने हवाई अड्डों का विकास, विस्तार अथवा आधुनिकीकरण किया गया है;

(ख) तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) आगामी दो वर्षों की कार्य योजना क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा किए गए हवाईअड्डों के विकास, विस्तार और आधुनिकीकरण सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान पूरे किए गए हवाईअड्डा अवसंरचना कार्यों का राज्य-वार विवरण अनुलग्नक-क में संलग्न है।

हवाईअड्डों का विस्तार और आधुनिकीकरण भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा प्रचालकों द्वारा यात्री मांग, परिचालन संबंधी अपेक्षाओं और एयरलाइन की आवश्यकताओं के आधार पर किया जाता है। इस प्रकार के विकास कार्य भूमि की उपलब्धता, वित्तीय व्यवहार्यता और संबंधित हवाईअड्डों पर परिचालन संबंधी सरोकारों के अध्यधीन चरणबद्ध आधार पर किए जाते हैं।

अनुलग्नक-क

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पिछले 03 वर्षों में हवाईअड्डों का किया गया उन्नयन/विकास/विस्तार

क्रम संख्या	राज्य	हवाईअड्डा	परियोजना का नाम
1	अंडमान और निकोबार	पोर्ट ब्लेयर	पोर्ट ब्लेयर हवाईअड्डे पर एनआईटीबी का निर्माण और संबद्ध कार्य।
2	उत्तर प्रदेश	कानपुर	कानपुर (चकेरी) हवाईअड्डे का विकास।
3	गुजरात	सूरत	सूरत हवाईअड्डे पर टर्मिनल भवन का विस्तार।
4	महाराष्ट्र	पुणे	सीई पुणे में एनआईटीबी का निर्माण, पुराने टर्मिनल भवन का पुनर्निर्माण, मौजूदा विस्तारित टर्मिनल भवन में परिवर्तन।
5	तमिलनाडु	त्रिची	त्रिची हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन, एप्रन, एटीसी परिसर का निर्माण।
6	महाराष्ट्र	कोल्हापुर	कोल्हापुर हवाईअड्डे पर नए घरेलू टर्मिनल भवन, एटीसी टावर-सह-तकनीकी ब्लॉक-सह-अग्निशमन केंद्र का निर्माण और संबद्ध कार्य।
7	मध्य प्रदेश	जबलपुर	जबलपुर हवाईअड्डे को एबी-320 प्रकार के विमान के परिचालन के लिए उपयुक्त बनाने हेतु उन्नयन।
8	मध्य प्रदेश	ग्वालियर	ग्वालियर हवाईअड्डे पर सिविल एन्क्लेव का विस्तार।
9	उत्तराखंड	देहरादून	देहरादून हवाईअड्डे पर घरेलू यात्री टर्मिनल भवन का निर्माण
10	गुजरात	राजकोट	हीरासर (राजकोट) में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का निर्माण।
11	उत्तर प्रदेश	अयोध्या	अयोध्या हवाईअड्डे का विकास। एसएच: प्रि-इंजीनियरिंग बिल्डिंग (पीईबी) का निर्माण और डिजाइन और बिल्ड आधार (ईपीसी) पर अन्य संबद्ध कार्य
12	तमिलनाडु	तूतीकोरिन	तुतीकोरिन हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन, एटीसी टावर सह तकनीकी ब्लॉक, अग्निशमन केंद्र का निर्माण और अनुरक्षण, संचालन और एआईसीएमसी सहित संबद्ध कार्य।
13	अरुणाचल प्रदेश	होल्लोंगी/ ईटानगर	होल्लोंगी में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का निर्माण
14	उत्तर प्रदेश	प्रयागराज	प्रयागराज हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन, सेकंड लिंक टैक्सी ट्रैक का निर्माण, एप्रन विस्तार और संबद्ध कार्य - डिजाइन और निर्माण आधार पर।

15	बिहार	पटना	जेपीएनआई हवाईअड्डा, पटना पर नए घरेलू टर्मिनल भवन और अन्य संबद्ध संरचनाओं (चरण-I और चरण-II) का निर्माण। एसएच: पटना हवाईअड्डे पर एप्रन (चरण-III) का निर्माण।
16	गोवा	गोवा	मौजूदा एकीकृत टर्मिनल भवन का विस्तार।
17	राजस्थान	जोधपुर	जोधपुर हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण।

******